हिन्दी मिलाप

एलवीपीईआई तथा फर्नांडीज फाउंडेशन की मेजबानी में आयोजित आठवीं इक्विटेबल हेल्थकेयर एक्सेस कंसोर्टियम का दृश्य।

एलवीपीईआई तथा फर्नांडीज फाउंडेशन की मेजबानी में ईएचएसी आयोजित

हैदराबाद, 7 दिसंबर-(मिलाप ब्यूरो) एलवी प्रसाद आई इंस्टीट्यूट तथा फर्नांडीज फाउंडेशन द्वारा भारत में स्वास्थ्य सेवा असमानताओं के समाधान के लिए चर्चा करने आठवीं इक्विटेबल हेल्थकेयर एक्सेस कंसोर्टियम (ईएचएसी) की मेजबानी की गई।

एलवीपीईआई परिसर में आयोजित इस दो दिवसीय बैठक के एजेंडे में स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच की कमी, उच्च लागत और इन मुद्दों को ठीक करने के प्रति विभिन्न हितधारकों के बीच सामान्य उदासीनता जैसी चुनौतियों का समाधान करके समान स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए चर्चा और कार्यवाही आदि को बढ़ावा देना शामिल था। आज समाप्त हुई इस बैठक में एलवीपीईआई तथा फर्नांडीज फाउंडेशन सहित इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस, सेंटर फॉर हेल्थकेयर आईआईएम उदयपुर, सेंट जॉन्स रिसर्च इंस्टीट्यूट तथा अरविंद आई केयर सिस्टम जैसे अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में नैतिक प्रथाओं, फेलोशिप, सहयोग तथा नवाचारों पर आधारित सत्रों के माध्यम से समान स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देने के साथ-साथ बढ़ते व्यावसायीकरण और उपभोक्तावाद के प्रभाव, सेवा वितरण पर इसके प्रभाव तथा चिकित्सा पेशेवरों को नैतिक सेवा वितरण के मॉडल से अवगत कराने की आवश्यकता आदि पर ध्यान केंद्रित किया।

एलवी प्रसाद आई इंस्टीट्यूट के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. प्रशांत गर्ग ने बताया कि हमारा लक्ष्य उत्कृष्ट और समान नेत्र देखभाल सेवाओं की पहुंच सामाजिक, भौगोलिक और वित्तीय बाधाओं से परे सभी जरूरतमंद सभी लोगों तक सुनिश्चित करना है। पिछले तीन दशकों में हमने 38 मिलियन से अधिक नेत्र चिकित्सा सेवाएं प्रदान की हैं, जिनमें से 50 प्रतिशत सेवाएं रोगियों को नि:शुल्क प्रदान की गई हैं। तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और ओडिशा में 308 केंद्रों द्वारा समर्थित हमारा पिरामिडल आई केयर डिलीवरी मॉडल दूरदराज और आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की भी सेवा करता है। इक्विटेबल हेल्थकेयर एक्सेस कंसोर्टियम के माध्यम से हम उभरते हुए हेल्थकेयर उद्यमियों के साथ अपनी विशेषज्ञता साझा करते हुए उन्हें चुनौतियों को अवसरों में बदलने तथा सभी के लिए समान स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देने हेतु प्रोत्साहित करते हैं।

फर्नांडीज फाउंडेशन की अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. इविता फर्नांडीज ने कहा हम माताओं और शिशुओं के लिए समान स्वास्थ्य सेवा के प्रति प्रतिबद्धत हैं। हम देखभाल के एक ऐसे सहयोगी मॉडल की वकालत करते हैं, जो सम्मानजनक मातृत्व सहायता पर जोर देता है। ईएचएसी के अध्यक्ष प्रो. डीवीआर शेषाद्रि ने कहा ईएचएसी सामाजिक रूप से संवेदनशील स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और अन्य संगठनों का एक संघ है। ईएचएसी का मूल आधार एक स्थिर समाज के लिए, प्रत्येक सदस्य को आजीविका, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा तक समान पहुंच पर बल देना है।